राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री ने डॉ॰ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 12 अक्टूबर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज महान समाजवादी नेता स्व॰ डॉ॰ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में 'लोहिया उद्यान', लोहिया नगर, पटना स्थित डॉ॰ राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी स्व॰ डॉ॰ लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्व॰ डॉ॰ लोहिया की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करनेवालों में माननीय उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक आदि प्रमुख थे।

डॉ॰ लोहिया की प्रतिमा पर कई जन–प्रतिनिधियों, सरकारी/गैर–सरकारी तथा सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य जन आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन–कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये।

....